PAGE 3 2026.qxd 23-10-2026 23:15 Page 1

प्रयागराजमें स्नातक एमएलसी के चुनावमें हंगामा, ३२.८६ फीसदी पड़े मत

एमएनएनआईटी मतदान केंद्रपर सेक्टर मजिस्ट्रेटके पास मिली भाजपा प्रत्याशीकी पर्ची, सपाई आक्रोशित, पर्ची छीनी

प्रयागराज में शुक्रवार को इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए मतदान शाम चार बजे सम्पन्न हो गया। इस दौरान प्रयागराज में कहीं फर्जी वोटर पकड़े जाने की बात सामने आयी तो कहीं हंगामा हुआ। शाम चार बजे सम्पन्न होने के बाद प्रयागराज में ३२.८६ फीसदी, पूरे खण्ड में ४१.४० और पूरे प्रदेश में ५५.२४ फीसदी मतदान हुआ।



मतदान को लेकर जिले में १५२ पोलिंग बूथ बनाये गये थे। सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ। इस दौरान एमएनएनआईटी में बनाये गये मतदान केंद्र पर सपाइयों ने जमकर हंगामा किया। दरअसल सपा प्रत्याशी डा. मान सिंह यादव ने एक सेक्टर मजिस्ट्रेट के हाथ में भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर की पर्ची मिलने का आरोप लगाया। इसको लेकर सपा प्रत्याशी और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने विरोध जताया। वहीं, सपा नेता संदीप यादव इस मामले में धरने पर बैठ गए और निष्पक्ष मतदान की मांग की।

जानकारी के मुताबिक आरोप है कि एमएनआईटी कालेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर मतदान के दौरान सपा प्रत्याशी डा. मान सिंह यादव ने सेक्टर मजिस्ट्रेट के हाथ में भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर की पर्ची देखी। इस पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मान सिंह यादव ने मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि 'इनकी फोटो खींचो, ये भाजपा के एजेंट हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान के दौरान अधिकारियों की भूमिका निष्पक्ष नहीं है और इस तरह की गतिविधियों से चुनाव प्रभावित हो सकता है। घटना के बाद समाजवादी पार्टी के नेता संदीप यादव ने भी विरोध जताया। उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए धरना शुरू कर दिया। सपा नेताओं ने चुनाव आयोग से शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। समाजवादी पार्टी की ओर से प्रयागराज के अन्य मतदान केंद्रों पर भी कथित अनियमितताओं की शिकायत की गई है। पार्टी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय हरवारा द्वितीय के मतदान केंद्र से करीब ३० मीटर की दूरी पर भाजपा का बस्ता लगाए जाने का आरोप लगाया। इसके अलावा मोतीलाल नेहरू मतदान केंद्र पर भाजपा प्रत्याशी की पर्ची लेकर प्रचार करने और मतदाताओं को बैलेट पेपर पर खास अंक लिखने के लिए कहे जाने की शिकायत भी की गई है। सपा ने मऊआइमा और कौंधियारा के कुछ मतदान केंद्रों पर भी मतदान प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग से सभी शिकायतों की जांच कराकर निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने की मांग की है। हालांकि, सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास पर्ची मिलने और अन्य मतदान केंद्रों पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी।

हर बूथ की होती रही वीडियोग्राफी

मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक पोलिंग बूथ पर वीडियोग्राफी भी कराई गयी। इसके लिए हर बूथ पर दो-दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी थी, जो मतदान के दौरान होने वाली गतिविधियों को कैमरे में रिकार्ड किया।

हरवारा पोलिंग बूथके बाहर भाजपा का बस्ता लगानेपर हंगामा

प्रशासनने मामलेकी गंभीरताको देखते हुए हटाया शिविर

हरवारा पोलिंग बूथ के बाहर भाजपा का शिविर(बस्ता) लगाने को लेकर सपा प्रत्याशी और नेताओं ने हंगामा किया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि बूथ के बाहर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की जा रही थी। इस दौरान कुछ लोगों पर मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगाया गया। मामला सामने आने के बाद सपा प्रत्याशी और नेताओं ने इसका विरोध किया और प्रशासन से शिकायत की। सपा के पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना ने आरोप लगाया कि हरवारा पोलिंग बूथ से करीब ५० मीटर की दूरी पर भाजपा का शिविर लगाया गया था। उनका कहना था कि नियमानुसार राजनीतिक दलों के शिविर पोलिंग बूथ से २०० मीटर की दूरी पर लगाए जाने चाहिए। ऐसे में बूथ के इतने नजदीक शिविर लगाए जाने पर उन्होंने आपत्ति जताई। सपा प्रत्याशी और उनके साथ मौजूद नेताओं ने भी इस मामले को लेकर विरोध दर्ज कराया और प्रशासन से कारर्वाई की मांग की। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि शिविर के आसपास मौजूद कुछ लोग मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे थे। इसको लेकर बूथ पर हंगामे की स्थिति बन गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और संबंधित लोगों को वहां से हटाया। इसके बाद प्रशासन ने कारर्वाई करते हुए भाजपा के शिविर को भी हटवा दिया। जिसके बाद स्थिति संभली।

मतदान केंद्रोंके बाहर जमा कराये मोबाइल

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक एमएलसी चुनाव में गुरुवार को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम किये गये। इस बार मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं के मोबाइल फोन जमा कराने की व्यवस्था भी की। मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध के चलते मतदाताओं को फोन सुरक्षित रखने में परेशानी होती थी। इसे देखते हुए बूथों के बाहर कर्मचारियों को थैले के साथ तैनात किया गया। मतदाता मतदान केंद्र में जाने से पहले अपना मोबाइल इन कर्मचारियों के पास जमा कराते दिखे और मत का प्रयोग करने के बाद उन्हें वापस कर दिया गया।

झांसी में होगी मतगणना

स्नातक एमएलसी के लिए मतदान शुक्रवार को जिले के ५४ मतदान केंद्रों पर १५२ पोलिंग बूथों पर शाम चार बजे सम्पन्न हुआ। मतदान के बाद सभी बैलेट बाक्स देर शाम तक मैरी लूकस कालेज में कड़ी सुरक्षा के बीच रखवाया गया। यहां से बैलेट बाक्स झांसी भेजा जायेगा, जहां मतगणना होगी।

सुबह मतदानकी रफ्तार रही धीमीं, अपराह्न पकड़ी रफ्तार

प्रयागराज में शुक्रवार को हुए स्नातक एमएलसी चुनाव में आधे से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया, जबकि उन्हें घर से निकालने और पोलिंग बूथ तक जाकर मतदान करने के लिए प्रशासन के साथ राजनीतिक पार्टियों ने भरकस प्रयास किया लेकिन वह घर से ही नहीं निकले।

बता दें २०२० में प्रयागराज में इलाहाबाद-झांसी खंड विधान परिषद सदस्य के लिए चुनाव में कुल ६२ हजार मतदाता थे। मात्र ३९.५९ प्रतिशत ही मतदान हुआ और सपा प्रत्याशी डा. मान सिंह यादव ने भाजपा के डा. यज्ञदत्त शर्मा को काफी मतों से पराजित किया था। चुनाव हारने का कारण भी यहीं माना जा रहा था कि शिक्षित लोगों ने मतदान में रूचि नहीं दिखाई। जिसे देखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के साथ उनकी संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। हजारों मतदाताओं को जोड़ा गया और प्रयागराज में संख्या इस बार एक लाख १५ हजार १९ पहुंच गयी। शुक्रवार को १५२ बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान की शुरुआत हुई। शुरुआती दौर में मतदान की रफ्तार काफी धीमी नजर रही। आठ बजे से लेकर १० बजे के बीच महज २.८५ प्रतिशत ही मतदान हुआ था। वहीं इसके बाद कुछ रफ्तार बढ़ी और दोपहर १२ बजे तक ९.५४ फीसदी प्रतिशत हुआ। वहीं दोपहर दो बजे तक १९.८६ प्रतिशत और शाम चार बजे तक २१.५४ प्रतिशत मतों का प्रयोग मतदाताओं ने किया। कुल मिलाकर ४१.४० प्रतिशत ही मत पोलिंग बूथों पर डाले जा सके। जबकि प्रत्याशियों को उम्मीद थी कि इस बार जब मतदाता बढ़े हैं तो मतदान भी अधिक होगा। शुक्रवार को हुए मतदान को देखते हुए बूथों के आसपास राजनीतिक दलों के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपने शिविर लगाये थे। मतदाताओं को बुला-बुलाकर सूची में उनके नाम तलाशे गए। मतदान की पर्ची भी दी गई। वोटर लिस्ट में नाम न होने या खामियों की समस्याएं सामने आईं। इसके लिए कई मतदाताओं ने कंट्रोल रूम में शिकायत भी दर्ज कराई। जोनल और सेक्टर के साथ प्रशासन के अन्य अधिकारी भी बूथों का निरीक्षण करते रहे।



वोटर लिस्टमें रहीं खामियां, दर्ज करायी शिकायतें

रवानगी स्थलपर नहीं पहुंचे २६ कार्मिक

चुनाव ड्यूटी में लगाए गए २६ कार्मिक पोलिंग पार्टी के रवानगी वाले स्थल पर २२ अक्तूबर को नहीं पहुंचे। इनमें आठ पीठासीन अधिकारी, नौ प्रथम मतदान अधिकारी, आठ द्वितीय मतदान अधिकारी और एक तृतीय मतदान अधिकारी शामिल हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार रिजर्व टीम से कार्मिकों को चुनाव के लिए भेजा गया है। कार्मिकों की अनुपस्थिति के जायज कारण थे। इसलिए कारर्वाई नहीं होगी।

स्नातक चुनावके मतदानको लेकर पूरे दिन मुश्तैद रहे भाजपाई

इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव के मतदान को लेकर भाजपाई पूरे दिन मुश्तैद रहें। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मतदानकेन्द्रों का भ्रमण किया। इस मौके पर मंत्री नंदी ने कहा कि मतदाताओं को डबल इंजन की सरकार पर पूरा भरोसा है।



भाजपा के संघटनात्मक दृष्टि सप्रयागराज महानगर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों (शहर उत्तरी, दक्षिणी एवं शहर पश्चिमी) के सभी १५ मंडलों में आज स्नातक चुनाव के लिए मतदान हुआ। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र के आठ मतदान केंद्रों डी. ए. वी इंटर कालेज, शिव शरण कन्हैया लाल इंटर कालेज अतरसुइया, सर्वाय इंटर कालेज एवं महाविद्यालय बहादुरगंज, माडर्न हाईस्कूल कटघर, इलाहाबाद इंटर कालेज जीरो रोड, रंजीत पंडित इंटर कालेज नैनी, जी. आई. सी, प्राथमिक पाठशाला कीडगंज का भ्रमण किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार पर मतदाताओं को पूरा भरोसा है।

पार्टी के जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता आशीष गुप्ता, एमएलसी अनूप गुप्ता, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, स्नातक चुनाव के जिला संयोजक डा. शैलेश पांडेय लगातार मानिटरिंग कर रहे थे। ये सभी पोलिंग बूथ प्रभारियों से लगातार अपडेट लेते नजर आए।भाजपा जिला मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा के मुताबिक विजय श्रीवास्तव, आनंद सोनकर, रीता सिंह, प्रिया कैथवास, गणेश वर्मा, हेमंत बनर्जी, प्रमोद मोदी, अनुज कुशवाहा आदि विभिन्न पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहे।

मंत्री नंदी सहित पार्टीके वरिष्ठ नेताओंने मतदान केन्द्रोंका किया भ्रमण

आयोग ने टीजीटी के १७,७३५ पदोंपर निकाली भर्ती, विज्ञापन जारी

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक सहायक अध्यापक(टीजीटी) के रिक्त १७,७३५ पदों पर सीधी भर्ती के लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी कर दिया है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की सुगमता एवं प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत 'वन टाइम रजिस्ट्रेशन' व्यवस्था लागू की गई है। अभ्यर्थियों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वह पहले ओटीआर प्रक्रिया पूर्ण करें, उसके उपरांत ही प्रशिक्षित स्नातक सहायक अध्यापक पद के लिए अपना आनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें।

विज्ञापित पदों की शैक्षिक अर्हता एवं पात्रता के संबंध में अलग से कोई व्यक्तिगत परामर्श नहीं दिया जाएगा।

मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रोंपर परखी व्यवस्था

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ के दृष्टिगत मंडलायुक्त डा. एम लोकेश, पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

मंडालयुक्त ने ज्वाला देवी इंटर कालेज, सेंट एंथोनी गर्ल्स इंटर कालेज एवं कर्नलगंज इंटर कालेज सहित अन्य मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा तैनात अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, अनधिकृत व्यक्तियों को मतदान कक्ष में प्रवेश न दिया जाए, मतदान कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

वहीं पुलिस आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी-जिलाधिकारी ने ज्वाला देवी इण्टर कालेज-सिविल लाइन, किदवई मेमोरियल गर्ल्स इण्टर कालेज-हिम्मतगंज, लाला मनमोहनदास इण्टर कालेज-झूंसी सहित अन्य मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर वहां पर चल रही मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया से जुड़े हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ के लिए प्रयागराज में कुल १५२ बूथ बनाये गये थे। जिलाधिकारी ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी निरंतर भ्रमणशील रहकर मतदान कार्य को सकुशल ढंग से कराने के निर्देश दिये।



बेरोजगारी, शिक्षा-पेपर लीक, वोट चोरी-महंगाई जैसे मुद्देपर मतदान-डा. मान सिंह

सपा एमएलसी एवं प्रत्याशीने मतदाताओं का जताया आभार,हरवारामें पकड़े गये दो फर्जी वोटर, पुलिसको सौंपा

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र इलाहाबाद-झांसी क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार एवं वर्तमान एमएलसी डा. मानसिंह यादव ने अपने जारी बयान में कहा है कि भाजपा की तमाम साजिशों के बावजूद बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, पेपर लीक, नौकरियों में आरक्षण में मनमानी,वोट चोरी जैसे मुद्दों पर लोंगो ने आज़ मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं के प्रति अपना आभार जताते हुए यह भी कहा कि वह जीत के प्रति आश्वस्त हैं। सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कहा है कि प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज में पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्र पर खड़ी पाई के बगल में जीरो लगाने की सलाह मतदाताओं को देते रहे। जानकारी मिलने पर सपा कार्यकर्ताओं ने इसे गलत तरीका बताते हुए जब सेक्टर मजिस्ट्रेट से शिकायत की तो उन्होंने भी पीठासीन अधिकारी के तरीके का समर्थन किया। जिस सपा एजेंट एवं कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और विरोध करने लगे। प्रत्याशी डा. मानसिंह यादव भी मौके पर पहुंचे तो सेक्टर मजिस्ट्रेट ने कहा आप को जहां शिकायत करनी हो कर लीजिए जिस पर एमएलसी उनसे सवाल जवाब करने लगे। मजिस्ट्रेट के हाथ में एक पर्ची भी मिली जो भजपा प्रत्याशी के नाम की थी। सपा प्रवक्ता के अनुसार हरवारा पोलिंग सेंटर पर दो फर्जी वोटर पकडे गए जो दूसरे के नाम पर वोट देने आये थे। दोनों को सपा एजेंटो ने पुलिस को सौंप दिया। रणजीत पंडित इंटर कालेज नैनी में पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदाताओं पर भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की शिकायत मिली। सेंट एंथोनी, शिव इंटर कालेज कटहरा में चुनाव कर्मियों द्वारा ही मतदान करने की शिकायत मिली। जिसके उपरांत उन्होंने जिलाधिकारी से फोन पर बात कर रोकने की मांग की। बताया कि सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने विकास खंड प्रताप पुर मुख्यालय स्थित बूथ संख्या ९१अ में और सपा प्रत्याशी एमएलसी डा. मानसिंह यादव ने कम्पोजिट विद्यालय हरवारा में सुबह आठ बजे मतदान किया।

यूपी बार कौंसिल चुनावमें अनुराग पांडेय निर्वाचित



६०वें एलिमिनेशन राउंडमें हासिल किया ७०८८ मतोंका कोटा

(विधि संवाददाता)

यूपी बार कौंसिल के २५ सदस्यों के चुनाव में अनुराग पांडेय निर्धारित कोटा हासिल कर निर्वाचित हो गए हैं। शुक्रवार को मतगणना के ६०वें एलिमिनेशन राउंड में नीरज दुबे के मतपत्रों की गिनती में १२ मत मिलने के बाद अनुराग पांडेय ने मतों का निर्धारित कोटा ७०८८ तक पहुंच गए।

इसके बाद निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी ने पर्यवेक्षक न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की उपस्थिति और सहमति से अनुराग पांडेय को यूपी बार कौंसिल का सदस्य निर्वाचित घोषित कर दिया। यूपी बार कौंसिल के सचिव राम किशोर शुक्ल के अनुसार अनुराग पांडेय को कोटा पूरा करने के बाद ५८ अतिरिक्त मत भी मिले हैं। इन सरप्लस मतों को वरीयता क्रम में शेष प्रत्याशियों को स्थानांतरित किया जाएगा।

इससे चुनाव मैदान में बने अन्य प्रत्याशियों के मतों में भी बदलाव होगा। ६० वें एलिमिनेशन राउंड में शुक्रवार तक प्रशांत सिंह अटल ६८४० मतों के साथ दूसरे व देवेंद्र मिश्र नगरहा ६२६७ वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर चल रहे हैं।



ब्रिटेनके बुजुर्गोंसे साइबर ठगी मामलेमें ईडी ने ३.७२ करोड़की संपत्तिकी कुर्क

फर्जी काल सेंटरके जरिये बनाते थे शिकार, रिमोट एक्सेस साफ्टवेयर से बैंकिंग की हासिल करते थे जानकारी

ब्रिटेन के बुजुर्ग नागरिकों को साइबर ठगी का शिकार बनाकर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रयागराज उपक्षेत्रीय कार्यालय ने कार्रवाई की है। ईडी ने अनिक दत्ता और अन्य आरोपितों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत करीब ३.७२ करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। इनमें कोलकाता स्थित एक प्लॉट और फ्लैट के साथ बैंक खातों में जमा रकम और बीमा पॉलिसियां शामिल हैं।

ईडी ने गोरखपुर साइबर क्राइम थाने में अनिक दत्ता, आकाश गुप्ता, आदित्य मिश्रा और अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और दाखिल आरोपपत्र के आधार पर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि आरोपितों ने झारखंड के रांची स्थित मेसर्स ग्लोबर्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड और बाद में गोरखपुर की मेसर्स जुबिलेंट इंफो प्राइवेट लिमिटेड के जरिए फर्जी कॉल सेंटर संचालित किए। इन कॉल सेंटरों में कर्मचारियों को ब्रिटेन के नागरिकों, खासकर बुजुर्गों को ठगी का शिकार बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता था। कर्मचारी खुद को बीटी ओपनरीच का प्रतिनिधि बताकर विदेशी नामों से फोन करते थे। इंटरनेट की गति सुधारने का झांसा देकर पीड़ितों से एनीडेस्क और क्विक असिस्ट जैसे रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर डाउनलोड कराए जाते थे। इसके जरिए उनके कंप्यूटर और अन्य उपकरणों तक पहुंच बनाकर बैंकिंग संबंधी जानकारियां हासिल कर ली जाती थीं। इसके बाद पीड़ितों को बताया जाता था कि उनके इंटरनेट कनेक्शन पर साइबर हमला हुआ है और ब्रिटेन की एजेंसी एक्शन फ्रॉड में शिकायत दर्ज कराई गई है। गिरोह के वरिष्ठ सदस्य खुद को एक्शन फ्रॉड का अधिकारी बताकर पीड़ितों को डराते थे और उनके बताए बैंक खातों में रकम स्थानांतरित करने के लिए राजी करते थे।

अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कके जरिये भेजते थे रकम

जांच में यह भी सामने आया कि ठगी से हासिल रकम को वेस्टर्न यूनियन, मनीग्राम जैसी अंतरराष्ट्रीय मनी ट्रांसफर सेवाओं और हवाला नेटवर्क के जरिए भारत, बांग्लादेश और थाईलैंड भेजा जाता था। ईडी के मुताबिक, अनिक दत्ता ने एक अन्य आरोपित के साथ मिलकर इस तरीके से करीब सात करोड़ रुपये की अवैध कमाई की। फिलहाल जांच एजेंसी ने करीब ३.७२ करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। मामले में अवैध कमाई से खरीदी गई संपत्तियों, धन के लेन-देन और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

सीआरपीएफ का फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर ठगीके मामलेमें मुकदमा

सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र थमाने के मामले में थरवई पुलिस ने असम के तीन युवकों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। गोरखपुर निवासी युवक गुरुवार को सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पड़िला में नियुक्ति पत्र लेकर पहुंचा था। अधिकारियों ने जांच की तो नियुक्ति पत्र फर्जी निकला। इसके बाद युवक को थरवई पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में नौकरी के नाम पर ठगी किए जाने का मामला सामने आया।

असमके तीन युवक नामजद, नौकरी दिलानेके नामपर ऐंठे थे पांच लाख रुपये

पुलिस के अनुसार, गोरखपुर जिले के झंगहा थाना क्षेत्र के जयरामकोल निवासी अग्रसेन सिंह चौहान पुत्र रामकरन चौहान गुरुवार को नियुक्ति पत्र लेकर सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पड़िला पहुंचा था। अधिकारियों ने दस्तावेजों की जांच की तो नियुक्ति पत्र फर्जी पाया गया। इसके बाद अधिकारियों ने अग्रसेन से पूछताछ की और उसे थरवई पुलिस को सौंप दिया।

अग्रसेन ने पुलिस को बताया कि वर्ष २०१७ में उसकी मुलाकात असम निवासी जितेंद्र चौहान से हुई थी। आरोप है कि जितेंद्र ने सीआरपीएफ में नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। उसके कहने पर अग्रसेन ने वर्ष २०२४ में एसएससी जीडी के तहत सीआरपीएफ भर्ती के लिए आवेदन किया। आरोप है कि जितेंद्र ने असम के निवास प्रमाण पत्र के आधार पर उसकी भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़वाई, ताकि वहां के अभ्यर्थियों को मिलने वाली छूट का लाभ लिया जा सके। पुलिस के मुताबिक, दस्तावेजों की जांच के दौरान असम का निवास प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने पर नियुक्ति प्रक्रिया रोक दी गई थी। आरोप है कि नियुक्ति पत्र बहाल कराने के नाम पर जितेंद्र ने अग्रसेन से पांच लाख रुपये ले लिए। काफी समय बीतने के बाद अग्रसेन ने रुपये वापस मांगे तो उसे मोबाइल पर नियुक्ति पत्र भेज दिया गया। अग्रसेन उसी पत्र को लेकर सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पहुंचा था, जहां जांच में वह फर्जी निकला।

इस मामले में जितेंद्र चौहान के अलावा उसके भाई अशोक चौहान और मौसेरे भाई उदय चौहान की भी संलिप्तता का आरोप है। थरवई थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि युवक ठगी का शिकार हुआ है। उसकी तहरीर पर तीनों आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

निर्माणाधीन नर्सिंग होमसे १९५ मीटर कापर केबल चोरी

जार्जटाउन थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन नर्सिंग होम से १९५ मीटर कॉपर केबल चोरी हो गई। घटना १६ अक्टूबर की रात की बताई जा रही है। नर्सिंग होम का निर्माण करा रही कंपनी के प्रतिनिधि ने इस संबंध में जार्जटाउन थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के मुताबिक, एएन झा मार्ग स्थित एम/एस त्रिवेणी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निर्माणाधीन नर्सिंग होम से १९५ मीटर कॉपर केबल चोरी हुई है। आशंका जताई गई है कि कुछ लोगों की मिलीभगत से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। कंपनी की ओर से डॉ. वीके अग्रवाल ने २२ अक्टूबर को अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।